**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 12.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा घर से नाराज होकर गई बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में दिनांक 11.09.2025 को थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा गुम हुई बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 10.09.2025 को थाना तिंदवारी क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना तिंदवारी पर सूचना दी कि उनकी पुत्री घर से नाराज होकर बिना बताये कहीं चली गयी है, काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। सूचना पर तत्काल थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा बालिका की खोज हेतु प्रयास प्रारम्भ किए गए। विद्यालय एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में गहन पूछताछ की गई तथा रेलवे स्टेशन सहित अन्य संभावित स्थानों पर भी तलाश की गई, जानकारी के क्रम में दिनांक 11.09.2025 को छतरपुर रेलवे स्टेशन से बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. म0उ0नि0 रोशनी सेंगर
2. हे0कां0 बृजेन्द्र सिंह
3. म0कां0 ज्योति शुक्ला